राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिए आवेदन 17 तक

बीकानेर, (कासं)। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस (3 दिसम्बर) के अवसर पर राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ विशेष योग्यजन एवं दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए कार्यरत व्यक्तियों, संस्थाओं एवं कार्यालयों से 17 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एल.डी. पंवार ने बताया कि पुरस्कार दो श्रेणियों में क्रमशः सर्वश्रेष्ठ विशेष योग्यजन व्यक्ति तथा दिव्यांगजनों के क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों, स्वयंसेवी संस्थानों, कार्यालय एवं एजेंसियों में प्रदान किए जायेंगे। उन्होंने बताया कि आवेदन के लिए निर्धारित प्रपत्र में वर्णित आवश्यकता अनुसार एक फोटोग्राफ (दिव्यांगता दर्शाता) एवं 40 प्रतिशत या इससे अधिक निःशक्तता का प्रमाण पत्र आवश्यक संलग्न करना होगा। आवेदक के विरूद्ध किसी पुलिस थाने एवं न्यायालय में कोई आपराधिक प्रकरण लंबित नहीं होना चाहिए।

पंवार ने बताया कि आवेदक को पासपोर्ट साइज फोटो, समस्त दस्तावेजों को स्वप्रमाणित कर प्रति संलग्न करने की आवश्यकता होगी। उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र में वर्णित जानकारी के अलावा आवेदक द्वारा अर्जित की गई वरिष्ठ उपलब्धियां का विवरण अपने हस्ताक्षर सहित हिन्दी भाषा में टाइप करके एवं वरिष्ठ उपलब्धियां के दस्तावेजों को लगाना आवश्यक है। आवेदक अपने आवेदन पत्र एवं समस्त दस्तावेज को स्पष्ट व पठनीय और स्पाइरल बाइंडिंग कर उपलब्ध करवाएं।

रोजगार सहायता शिविर में 290 युवाओं का प्रारंभिक चयन

बीकानेर, (कासं)। जिला प्रशासन के निर्देशन में उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय एवं महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय द्वारा बुधवार को महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय परिसर में रोजगार सहायता शिविर आयोजित किया गया।

शिविर का उद्घाटन बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास, महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के कुलगुरू आचार्य मनोज दीक्षित तथा बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलगुरू डॉ. अखिल रंजन गर्ग ने किया। निजी क्षेत्र के नियोजकों, सरकारी विभागों व प्रशिक्षण संस्थानों सहित शिविर में कुल 30 संस्थानों ने भाग लिया। निजी क्षेत्र के नियोजकों एसआईएस. सिक्योरिटी द्वारा 23, सिंथेसिस द्वारा 20, भारत फाईनेंस इन्क्यूजन लिमिटेड द्वारा 32, मनीपाल एकेडमी ऑफ बीएफएसआई द्वारा 15, ऑरिक मोटर्स द्वारा 8, लीडर स्टार सिक्योरिटी द्वारा 101, बुल पावर एनर्जी लिमिटेड द्वारा 62, एल्क्योर पेस्ट सोलूशन द्वारा 13, बिंजल फार्म द्वारा 39 तथा मिडलेंड माईक्रोफिन, छतरगढ रिन्युवेबल एनर्जी लिमिटेड, जसरासर ग्रीन पावर एनर्जी प्राईवेट लिमिटेड इत्यादि संस्थानों द्वारा कुल 290 आशार्थियों का रोजगार हेतु प्रारम्भिक चयन किया गया।

- **निजी क्षेत्र के नियोजकों, सरकारी विभागों व प्रशिक्षण संस्थानों सहित शिविर में कुल 30 संस्थानों ने भाग लिया**

महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित रोजगार सहायता शिविर का उद्घाटन विधायक जेठानंद व्यास ने किया।

एयरफोर्स जोधपुर, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, जन शिक्षण संस्थान, एयू फाईनेंस, आरसेटी, लीड बैंक, राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम, नाईलेट आदि संस्थानों द्वारा व्यावसायिक मार्गदर्शन एवं कौशल प्रशिक्षण हेतु 642 बेरोजगारों का पंजीयन किया गया। मनीपाल ऐकेडमी ऑफ बीएफएसआई, टाइगर केपिटल, भारतीय जीवन बीमा निगम, जिला उद्योग केन्द्र, नाबार्ड, सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग तथा महिला अधिकारिता विभाग द्वारा 180 बेरोजगार प्रार्थियों को स्वरोजगार हेतु मार्गदर्शन एवं ऋण सुविधाओं की जानकारी के साथ विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

विधायक जेठानंद व्यास ने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार युवा कल्याण के लिए संकल्पबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री द्वारा पांच वर्षों में चार लाख युवाओं को सरकारी नौकरियां तथा निजी क्षेत्र में रोजगार के दस लाख अवसर उपलब्ध करवाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि पहली बार शहरी क्षेत्र में अनवरत रूप से रोजगार शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। युवाओं को इनका लाभ लेना चाहिए। महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के कुलगुरू दीक्षित ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा युवा कल्याण से जुड़े कार्य अनवरत रूप से किए जा रहे हैं। खेलों के क्षेत्र में भी विश्वविद्यालय उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने विश्वविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया और कहा कि युवाओं को अच्छे रोजगार के अवसर तथा नियोक्ताओं को योग्य युवाओं की सेवाएं मुहैया करवाने की दृष्टि से ऐसे शिविर सेतु का कार्य कर रहे हैं।

बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलगुरू डॉ. गर्ग ने कहा कि युवाओं को लक्ष्य निर्धारित करते हुए कार्य करें। उन्होंने युवाओं से जॉब सीकर की बजाय जोब प्रोवाइडर बनने का आव्हान किया और कहा कि युवा नवाचार करें।

चिकित्सकों की सद्भावना रैली आज

बीकानेर,(कासं)। निजी अस्पतालों में चिकित्सकों के इलाज में बिना चिकित्सकीय समझ के हिंसा व बेवजह चिकित्सा सेवा में बाधा डालने, चिकित्सकों की छवि खराब करने वाले तत्वों के खिलाफ गुरूवार को मेडिकल कॉलेज से कलेक्ट्रेट तक चिकित्सकों की सदभावना रैली निकाली जायेगी।

रैली में चिकित्सकों के विभिन्न संगठनों के साथ सामाजिक, व्यापारिक, औद्योगिक, श्रमिक, फार्मासिस्ट व स्वयंसेवी संगठनों को भी आमंत्रित किया गया है। चिकित्सकों के संगठन उपचार के अध्यक्ष गौरव गोम्बर व सचिव डॉ. रोचक तातेड़ ने बताया कि विभिन्न चिकित्सा संगठनों के प्रतिनिधियों की बुधवार को हुई सभा में यह निर्णय किया गया।

सभा में अनेक चिकित्सकों ने एकमत होकर निर्णय लिया कि व्यक्तिगत स्वार्थ की पूर्ति को लेकर चिकित्सक व चिकित्सा जगत से जुड़े लोगों को बदनाम व उनकी छवि खराब करने की यह प्रवृति चिकित्सकों का मनोबल तोड़ने वाली है।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन बीकानेर के सचिव डॉ. हरमीत सिंह, बीकानेर प्रैक्टिशनर सोसायटी के अध्यक्ष डॉ.ए.पी. चहल, सचिव डॉ. अरूण तुनगरिया, उपचार के अध्यक्ष डॉ. गौरव गोम्बर सचिव डॉ. रोचक तातेड़ ने आयुष्मान हार्ट केयर अस्पताल व उसके चिकित्सक हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.बी.एल.स्वामी के खिलाफ बुधवार को कलेक्ट्रेट के सामने की गई हिंसात्मक व राजकीय कार्य में बाधा डालने के कार्य की घोर निंदा की। मेडिकल बोर्ड ने रोगी की मृत्यु के कारणों का खुलासा कर दिया।

सार-समाचार

डेंगू से बचाव की जानकारी दी

सामाजिक कार्यकर्ता भूरमल सोनी ने पोस्टर के माध्यम से डेंगू बुखार के लक्षण व बचाव की जानकारी दी।

बीकानेर, (कासं)। पूगल रोड बस स्टैंड व आसपास गली मौहल्लों में वर्षा जनित जानलेवा डेंगू बुखार के लक्षण, सावधानी बचाव के लिए सामाजिक कार्यकर्ता भूरमल सोनी, महावीर कुमार सहदेव, लक्ष्मण सहदेव, संपतलाल तंवर,धनराज प्रजापत आदि ने पोस्टर्स के माध्यम से ग्रामीण, दुकानदारों को डेंगू बुखार, मच्छर की पहचान, लक्षण व इलाज की जानकारी दी। डेंगू बुखार पर सावधानी और जागरूकता से काबू पाया जा सकता है। पोस्टर में डेंगू बुखार को अनदेखा न करें सावधानी बरतें घबराएं नहीं तथा लक्षणों की जानकारी दी गई है। यह मच्छर दिन में काटता है। मादा मच्छर ही काटती है यह अधिक ऊंचाई पर उड़ नहीं सकती। शरीर पर लाल चकत्ते होते हैं। जुलाई से अक्टूबर नवम्बर माह में डेंगू मच्छरों का अधिक प्रकोप रहता है। यह मच्छरों का पनपने का पीक टाइम होता है। साफ पानी में भी यह मच्छर पनप सकते हैं जिनकी पहचान करना मुश्किल है। पोस्टर में मच्छर की पहचान, लक्षण एवं बुखार आने पर विभिन्न सावधानियों व तुरंत डाक्टर से सम्पर्क एवं जांच करवाने की जानकारी दी गई है। तेज बुखार, सिरदर्द, चक्कर आना, प्लेटलेटस कम होना, कमजोरी, बीपी लो होना, जोड़ों में जकड़न, लेट्रिन में खून, आंखों में दर्द, मांसपेशियों में खिंचाव लक्षणों की जानकारी एवं डेंगू मच्छर का चित्र बनावट रंग, काटने का समय आदि बातें दर्शाई गई है। डेंगू बुखार का अक्टूबर, नवम्बर, दिसम्बर उत्पन्न होने का पीक टाइम होता है को सामाजिक कार्यकर्ताओं का अभियान निरन्तर जारी है। इसके अन्तर्गत स्कूलों, अस्पतालों, दुकानों में डेंगू बुखार जागरूकता के पोस्टर्स भी लगाकर आमजन को जागरूक किया जायेगा।

बायोमेडिकल वेस्ट के नुकसान बताये

पशु जैव चिकित्सा अपशिष्ट निस्तारण पर डॉ. देवेन्द्र चौधरी ने स्कूली छात्राओं को जानकारी दी।

बीकानेर, (कासं)। वेटरनरी विश्वविद्यालय के पशु जैव चिकित्सा अपशिष्ट निस्तारण एवं प्रौद्योगिकी केन्द्र द्वारा बुधवार को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय (गुरूद्वारा, रानी बाज़ार), बीकानेर में छात्राओं हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केन्द्र की प्रमुख अन्वेषक डॉ. दीपिका धूड़िया ने बताया कि जागरूकता कार्यक्रम के तहत बायोमेडिकल वेस्ट के उचित प्रबंधन और निस्तारण पर स्कूली विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। सहायक प्रध्यापक डॉ. देवेन्द्र चौधरी ने अस्पतालों से निकलने वाले जैविकीय अपशिष्ट का मानव स्वास्थ्य व वातावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों से अवगत करवाया। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित करवाई गई जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. जयंत स्वामी, विद्यालय की अध्यापिका अमिता पुरोहित व अन्य अध्यापक उपस्थित थे।

बीज व उर्वरक के नमूने लिए

कृषि आदान विक्रेता परिसरों का निरीक्षण कर बीज-उर्वरक के नमूने लिए।

बीकानेर, (कासं)। कृषि गुण नियंत्रण रबी अभियान के तहत कृषि विभाग के अधिकारी सहायक निदेशक उद्यान मुकेश गहलोत, उप परियोजना निदेशक आत्मा ममता कुमारी व कृषि अधिकारी कविता गुप्ता ने बुधवार को कृषि अनाज मंडी बीकानेर के भीतर व बाहर स्थित कृषि आदान विक्रेताओं के यहां निरीक्षण किया व कृषि आदान व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। बीज व उर्वरक के नमूने लिए। उद्यान विभाग के सहायक निदेशक मुकेश गहलोत ने बताया कि कृषि विभाग की ओर से जिले में कृषकों को उच्च गुणवत्ता युक्त कृषि आदान उचित मूल्य पर मिले यही प्रयास किया जा रहा है। किसानों को खाद के साथ किसी भी प्रकार टैगिंग नहीं करने की विक्रेताओं को सख्त हिदायत दी गई। गहलोत ने बताया कि कृषि आदान बीज, उर्वरक व कीटनाशी प्रावधानों में उल्लेखित नियमानुसार ही कार्य करते हुए किसानों को कृषि आदानों की गुणवत्तापूर्वक आपूर्ति सुनिश्चित करें।

11 माह बाद भी 2700 गौशालाएं अनुदान से वंचित : सूरजमाल सिंह

बीकानेर, (कासं)। गौशाला संघ द्वारा गौशालाओं के अनुदान अन्य व गोचर ओरण भूमि अधिग्रहण करने के विरोध में एक बड़ी बैठक का आयोजन बुधवार को दोपहर 12:00 बजे स्थानीय पुन्यानंद आश्रम जैसलमेर रोड पर आयोजित किया गया।

- **गौशाला संघ द्वारा गौशालाओं के अनुदान अन्य व गोचर ओरण भूमि अधिग्रहण करने के विरोध में बैठक**
- **गौशालाओं की समस्याओं को लेकर 7 नवम्बर को बीकानेर से करेंगे आंदोलन का शंखनाद**

संतों के पावन सानिध्य में गौ माता पर पुष्प वर्षा कर बैठक को प्रारंभ किया गया। बैठक में अपनी बात रखते हुए बीकानेर गौशाला संघ के अध्यक्ष सूरजमाल सिंह नीमराना ने बताया कि आज 11 महीने बीत जाने के बाद भी राजस्थान की लगभग 2700 गौशालाएं अनुदान से वंचित है। अभी तक राजस्थान के आठ जिलों में तो गौशालाओं से बिल वाउचर भी नहीं मांगे गए। यह सरासर गौशाला के साथ छल और कपट हो रहा है।

नीमराना ने कहा कि जब राज्य सरकार के पास में गौ संवर्धन निधि 2016 के अनुसार गौशालाओं को अनुदान देने के लिए संचित निधि है, फिर उस निधि का उपयोग अन्यंतर करके गौशालाओं के साथ में छल किया गया है।

गौशालाओं के हित एकत्रित की गई राशि का उपयोग दूसरे कार्यों में करना, यह सरकार की गौशालाओं के प्रति उदासीनता है। यदि समय रहते गौशालाओं के हित सकारात्मक प्रयास नहीं किए गए तो सरकार को इसका बहुत बड़ा परिणाम भुगतना पड़ेगा। संघ के महामंत्री निरंजन सोनी ने बताया कि वर्तमान में गौशालाओं को आर्थिक सहायता का अनुदान मिले, 11 माह हो चुके हैं। 11 महीने से गौशालाएं आर्थिक तंगी से गुजर रही है। गौशाला के यह हालात बन गए हैं, कि उन्हें गौवंश छोड़ने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

उधर सरकार नई-नई योजनाएं गौशालाओं पर थोप रही है। बिना कारण गौशालाओं को प्रताड़ित किया जा रहा है। इन विषयों को लेकर आज एक व्यापक जन आंदोलन की रणनीति बनाई गई ताकि गौशालाओं को सरलता से अनुदान मिल सकें। वह गौशालाओं का उत्पीड़न बंद हो।

सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास ने बुधवार को वैद्य मघाराम कॉलोनी में गोकुल धाम के सामने बनने वाली रोड का शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उप मुख्यमंत्री द्वारा की गई बजट घोषणा की अनुपालना में इस सड़क के निर्माण पर 19.47 लाख रूपए व्यय किए जायेंगे। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि शहरी क्षेत्र की सड़कों को दुरूस्त करने और इनके नवीनीकरण के लिए सघन अभियान चलाया जायेगा। इसमें निगम, पीडब्लयूडी और बीडीए की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। उन्होंने सभी स्वीकृत कार्य निर्धारित समय में गुणवत्ता के साथ करने के निर्देश दिए। आधारभूत सुविधाओं के विकास के साथ बीकानेर को बीडीए की सौगात सरकार के वर्तमान कार्यकाल में मिली है। जिला अस्पताल की सुविधाओं में लगातार इजाफा हो रहा है।

मुकदमे की भनक लगते ही पादरी पत्नी संग फरार

श्रीगंगानगर, (कासं)। पादरी बग्गु सिंह व उसके बेटे सतनाम सिंह के खिलाफ लालच देकर धर्म परिवर्तन करवाने और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में पुलिस ने हिन्दुमलकोट थाने में देर रात मुकदमा दर्ज किया है। मुकदमा दर्ज होने की भनक लगते ही पादरी चर्च और मकान पर ताला लगाकर पत्नी संग फरार हो गया।

- **लालच देकर धर्म परिवर्तन करवाने का मामला**
- **पांच साल पहले मजदूरी करता था, धर्म बदलकर बना पादरी, 20 लाख की लग्जरी कार**

पुलिस ने उसके बेटे अमनदीप सिंह को सोमवार रात शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। खाट लबाना निवासी पीड़ित सतनाम सिंह अपने बेटे सुखविंद्र सिंह व परिजनों के साथ धर्म परिवर्तन करवाने और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के मामले में एफआईआर दर्ज करवाने हिन्दुमलकोट थाने पहुंचे। हिन्दुमलकोट पुलिस ने पीड़ितों के थाने पहुंचने के बाद तत्काल आरोपी के घर पर छापेमारी की, लेकिन इससे पहले ही पादरी बग्गु सिंह गिरफ्तारी के डर से गायब हो गया। पाक सीमावर्ती इलाके के गांव खाट लबाना निवासी बग्गु सिंह पांच-सात साल पहले गांव में ही मजदूरी करता था। उसके पास खुद की एक बीघा जमीन है। लेकिन जैसे ही उसने अपना धर्म छोड़कर पादरी बना तो उसका सामाजिक स्तर बदलने लगा। पुराने कच्चे मकान अब पक्के मकानों में बदल चुके हैं। वह अब 20 लाख की लग्जरी कार में चलता है।

'पादरी की गिरफ्तारी नहीं तो आंदोलन'

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिले के भारत-पाकिस्तान बॉर्डर से सटे खाट लबाना गांव में लम्बे समय से चल रहे धर्मान्तरण के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है।

- **धर्मान्तरण के मामले ने अब तूल पकड़ा**

बुधवार को टीम आजाद क्लब के संयोजक रिंकू ठाकरे के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने खाट लबाना में पादरी बग्गू सिंह के घर के बाहर नारेबाजी की और पूरे परिवार को सख्त चेतावनी दी। बाद में हिन्दुमलकोट थाने के सामने धरना देकर विरोध-प्रदर्शन किया। साथ ही आरोपी पादरी को जल्द गिरफ्तार करने की की मांग की गई। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि पादरी बग्गू सिंह और उसके परिवार ने गांव में जबरन धर्म परिवर्तन करवाने की साजिश रची थी। रिंकू ठाकरे ने कहा कि जब पादरी के परिवार वालों ने थाने के सामने ही शिकायतकर्ता को पीटा, तब पुलिस ने कोई मदद नहीं की। बाद में मामला उजागर होने पर सिर्फ खानापूर्ति के लिए उनके बेटे को गिरफ्तार कर लिया और पादरी को भगा दिया। अब जानबूझकर उसे बचाया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि अगर 48 घंटे में गिरफ्तारी नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन किया जायेगा। इस दौरान अशोक राठौड़, राहुल दीक्षित, मनमोहन शर्मा, मोनू, सोनू शर्मा, गुरजंट सिंह, जसवंत सिंह मौजूद थे।

कार नहर में गिरी, युवक की मौत

लूणकरनसर, (कासं)। यहां मलकीसर हैड के पास रात में कवंरसेन लिफ्ट में एक कार नहर में जा गिरी। कार में सवार दोनों युवक पीपेरा निवासी थे। वे अपने खेत जा रहे थे। पुलिस को दी गई रिपोर्ट के अनुसार रात्रि को पीपेरा निवासी साहबराम अपने खेत जा रहा था। पीछे से नरेन्द्र जाट निवासी पीपेरा अपनी कार लेकर आया और रोककर साहबराम को भी साथ बैठा लिया। नरेन्द्र की ओर से अपनी गाड़ी को तेज गति व लापरवाही से चलाई। जिससे कार अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। पानी में डूबने से साहबराम की मौत हो गई व नरेन्द्र को राहगीरों ने बचा लिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

प्रदेश कांग्रेस-सचिव पर गैर इरादतन हत्या के प्रयास का केस

बीकानेर, (कासं)। डॉक्टर पर लापरवाही के आरोप के चलते कांग्रेस नेताओं ने बीकानेर कलेक्ट्रेट के सामने प्रदर्शन किया था। अब सदर थाना एसएचओ ने प्रदेश कांग्रेस सचिव रामनिवास कूंकणा समेत 10 लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज करवाया है। वहीं 150 अन्य को आरोपी बनाया गया है।

- **निजी हॉस्पिटल आयुष्मान हार्ट केयर में मरीज की मौत पर कांग्रेस नेताओं ने विरोध-प्रदर्शन किया था**

एसएचओ ने गैर इरादतन हत्या का प्रयास (बीएनएस-110), पुलिस पर हमला करने (बीएनएस 121 (1)) और अधिकारियों को उनका काम करने से रोकने (132) की धाराओं में मामला दर्ज करवाया है। हनुमानगढ़ निवासी रामेश्वर लाल पुत्र मुखराम को पेसमेकर में दिक्कत होने पर बीकानेर के निजी हॉस्पिटल आयुष्मान हार्ट केयर में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान 12 सितम्बर को रामेश्वर की मौत हो गई। परिजन का आरोप था कि डॉक्टरों की लापरवाही के चलते रामेश्वर की मौत हुई है। रामेश्वर के परिवार के समर्थन में कांग्रेस नेता हॉस्पिटल पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया था।

हॉस्पिटल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया था। वहीं सोमवार को मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट में डॉक्टरों को क्लीन चिट दे दी गई। इसका कांग्रेस नेताओं ने विरोध किया था। मंगलवार शाम 5 बजे यह प्रदर्शन उग्र हो गया और कांग्रेस नेताओं ने पथराव कर दिया। पुलिस ने लाठीचार्ज कर कांग्रेसियों को खदेड़ा था।

रामनिवास कूंकणा, हरिराम गोदारा, कृष्ण कुमार, आत्माराम तर्ड, राजेन्द्र मेघवाल, प्रफुल्ल कुमार हटीला, लक्ष्मण गोदारा, बजरंग कूंकणा, दिनेश कूंकणा, पंकज रिटोड़, रोहित बाना, जयप्रकाश डूडी आदि पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

रायशुमारी से बनाये जायेंगे कांग्रेस के नये जिलाध्यक्ष : राजेश लीलोठिया

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर शहर व देहात को आगामी एक माह में नये अध्यक्ष मिलेंगे। यह अध्यक्ष सभी की रायशुमारी से बनाया जायेगा। पार्टी युवाओं को अधिक मौका देगी। साथ ही जातिय अनुपात व महिला आरक्षण का भी पूरा ध्यान रखा जायेगा। यह बात कांग्रेस में संगठनात्मक चुनाव पर्यवेक्षक राजेश लीलोठिया ने कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही।

उन्होंने कहा है कि पार्टी में फिलहाल जिला स्तर पर परिवर्तन किया जा रहा है। बाद में राज्य स्तर पर भी बदलाव की तैयारी है। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर संगठनों को सक्रिय करने का काम चल रहा है। योग्य और सक्रिय कार्यकर्ताओं को ही जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी जायेगी। इसके बाद पार्टी में ग्राम पंचायत स्तर पर भी परिवर्तन होंगे और ये काम राज्य तक जायेगा। उन्होंने साफ संकेत दिए कि कांग्रेस में प्रदेश अध्यक्ष बदलने की कार्रवाई भी इसी तरह होगी। प्रेस वार्ता में पीसीसी की ओर से नियुक्त पर्यवेक्षक विधायक शिमला नायक, मनीष मक्कासर, अंकित, शहर अध्यक्ष यशपाल गहलोत, देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग, पूर्व मंत्री गोविन्द राम मेघवाल शामिल थे।

बीकानेर शहर कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संगठनात्मक चुनाव पर्यवेक्षक राजेश लीलोठिया ने संबोधित किया।

- **संगठन सृजन अभियान कांग्रेस को जमीनी स्तर पर और सशक्त करेगा**

लीलोठिया ने कहा कि राहुल गांधी का स्पष्ट विचार है कि जहां जिसकी जितनी संख्या है, उसे वहां उतना प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। ये विचार संगठन को मजबूत करने के साथ ही आम कार्यकर्ता को उसका अधिकार दिलाने का भी है। लीलोठिया ने कहा कि राहुल गांधी के मार्गदर्शन में शुरू हुए संगठन सृजन अभियान कांग्रेस को जमीनी स्तर पर और सशक्त करेगा। यह पहल युवाओं, किसानों, श्रमिकों और समाज के वंचित वर्गों को कांग्रेस के साथ पुनः जोडने का एक सशक्त माध्यम बनेगी।

एथलेटिक्स प्रतियोगिता शुरू

नोखा, (कासं)। रोड़ा के राज उच्च माध्यमिक विद्यालय में 69 वीं जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का अंडर-19 छात्र वर्ग के लिए शुभारंभ किया गया।

इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी किशन दान चरण ने मौजूद रहे। उन्होंने छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों के महत्व के बारे में भी समझाया। उन्होंने सभी छात्रों और अभिभावकों से बच्चों को खेलों से जोड़ने की अपील की। जिला परियोजना समन्वयक अधिकारी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने खेलों से भविष्य में मिलने वाले फायदों को रेखांकित किया। उप अधीक्षक पुलिस हिमांशु शर्मा ने खिलाड़ियों को नशे से दूर रहने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि रोजाना अभ्यास और कड़ी महनत से ही महान खिलाड़ी बना जा सकता है। प्रधानाचार्य प्रभाकर दीक्षित ने निदेशालय से आये शारीरिक प्रकोष्ठ के अधिकारी राधाकृष्ण छगानी से विद्यालय में बॉस्केटबॉल ग्राउंड बनाने का आग्रह किया।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियोजन/2025/1234 **विज्ञप्ति** दिनांक : 17.9.2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 34/36 के किला नं. 8, 9 के भूखण्ड संख्या 46 माप 40'-0" X 60'-0" Feet का आवासीय की होल्ड पट्टा संख्या 16258 दिनांक 25.08.2022 द्वारा श्री सुनन्दम महिपाल पुत्र श्री रामअवतार एवं श्री अंकित महिपाल पुत्र श्री संजय महिपाल निवासी श्रीगंगानगर (राज.) के नाम से जारी है। आवेदक द्वारा उक्त भूखण्ड का आवासीय से वाणिज्यिक भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने हेतु व्यास कार्यालय में आवेदन किया है। उक्त प्रश्नगत भूखण्ड का भू-उपयोग श्रीगंगानगर मास्टर प्लान वर्ष 2017-2035 में प्रस्तावित भू-उपयोग आवासीय एवं जोनल प्लान में प्रस्तावित भू-उपयोग सड़क के सहारे-सहारे सड़क चौड़ाई का 1.5 गुणा मिश्रित पट्टी हेतु आरक्षित है। नगरीय विकास एवं आवासन विभाग जयपुर की अधिसूचना क्रमांक प. 11 (8) नविवि/2020 दिनांक 14.10.2024 द्वारा जारी विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधियां की तालिका सं. 10 के अनुसार मास्टर प्लान/जोनल प्लान में 18 मीटर व उससे अधिक चौड़ाई की सड़कों के दोनों ओर सड़क की चौड़ाई का 1.5 गुणा तक मिश्रित भू उपयोग सीधे ही अनुमत है। मास्टर प्लान 2017-35 एवं राजस्थान मॉडल भवन विनियम के प्रावधानों के अनुसार मिश्रित भू उपयोग में वाणिज्यिक भू उपयोग अनुज्ञेय है। राजस्थान सरकार नगरीय विकास एवं आवासन विभाग जयपुर द्वारा भू-उपयोग परिवर्तन नियम, 2010, अधिसूचना दिनांक 28.10.2010, दिनांक 24.02.2021, दिनांक 06.11.2024 एवं अधिसूचना दिनांक 14.10.2024 द्वारा जारी विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधिया (Development Promotion & Control Regulations) के अनुसार पट्टे/लीजडीड में उल्लेखित उपयोग से चाहा गया परिवर्तित उपयोग दोनों ही मास्टर प्लान ।जोनल डवलपमेंट प्लान के भू-उपयोग में (DPCR) के अनुसार अनुज्ञेय (परमिटेड) उपयोग में आने एवं तकनीकी मापदण्ड पूर्ण होने के कारण विभागीय अधिसूचनाओं के तहत भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही न्यास कार्यालय में विचाराधीन है। उपरोक्त वर्णित आवासीय भूखण्ड का आवासीय रूपान्तरित से मिश्रित (वाणिज्यिक) प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर को कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है। 15 दिवस के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा। - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/4413 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 08.10.2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गणेशगढ़िया कन्स्ट्रक्शन प्राईवेट लिमिटेड जरिये डायरेक्टर श्री सारंग अग्रवाल पुत्र श्री नन्द लाल अग्रवाल निवासी 1 जी-12 जवाहरनगर, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 1 एफ छोटी मुरब्बा नं. 35 किला नं. 9,10 भूखंड माप 50 इंटु 90 फीट भू.सं. 1571 होमलैण्ड सिटी, श्रीगंगानगर	उक्त भूखंड का पट्टा सं. 96 दि. 13.5.2011 को श्री अंकित भूरर पुत्र श्री डी.सी. भूरर एवं श्रीमती प्रदीप कौर भूरर पत्नी श्री अंकित भूरर के नाम से जारी किया हुआ है।	गणेशगढ़िया कन्स्ट्रक्शन प्राईवेट लिमिटेड जरिये डायरेक्टर श्री सारंग अग्रवाल पुत्र श्री नन्द लाल अग्रवाल निवासी 1 जी-12 जवाहरनगर, श्रीगंगानगर द्वारा उक्त भूखंड को पंजीकृत बैयनामा दिनांक 3.9.2025 के द्वारा क्रय कर उक्त भूखंड का ऑनलाईन नामान्तरण हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में गणेशगढ़िया कन्स्ट्रक्शन प्राईवेट लिमिटेड जरिये डायरेक्टर श्री सारंग अग्रवाल पुत्र श्री नन्द लाल अग्रवाल निवासी 1 जी-12 जवाहरनगर, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पट्टे के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पूरा दस्तावेजी सहित अपनी आपत्ति/उजर/ दावा निम्न हस्ताक्षरकर्